दिनांक 11.08.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई
भैंस खटाल के संचालक ने फैलाई गंदगी निगम ने वसूला जुर्माना , पंचर दुकान के डंप टायर में बड़ी मात्रा में हो रहा था जलजमाव 5000 रुपए वसूल किया गया अर्थदंड तथा हटवाया गया टायर
भिलाईनगर / डेंगू नियंत्रण अभियान के तहत बार-बार समझाईश देने के बाद भी जलजमाव करने वाले या लार्वा मिलने वाले घरो व दुकानों पर जुर्माने की कार्यवाही जारी है। रामनगर स्थित पंचर दुकान में डंप किए गए साईकिल, मोटरसाईकिल, कार एवं टायर का निगम की टीम ने निरीक्षण किया! टायर में बड़ी मात्रा में जलजमाव पाया गया जहां मच्छर के लार्वा के उत्पत्ति की पूरी संभावना थी। जलजमाव पाए जाने पर संचालक से 5000 रूपए जुर्माना वसूलने के साथ ही डंप टायर को हटवाया गया! बारिश के सीजन में जलजमाव की वजह मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, चूंकि डेंगू के मच्छर गंदे पानी के बजाय साफ पानी में पनपता है, इसलिए घर के कूलर, छत पर एवं बाहर में रखे हुए पात्र व टायर तथा दुकान में जाम पानी की जांच की जा रही है अगर इन जगहों पर जांच में डेंगू का लार्वा मिलता है तो उन पर कार्यवाही की जा रही है! ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने दिए है। निगम क्षेत्र में डेंगू , मलेरिया, पीलिया व फाईलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने के लिए निगम का अमला मैदान पर है! डेंगू से बचाव के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम हर घर पहुंचकर लार्वा के स्रोत वाले स्थानों की जांच कर आवश्यकता अनुसार टेमीफास् व मलेरिया ऑयल का छिड़काव कर रहे है! स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि डेंगू पर वार अभियान के तहत नागरिकों के घर के आस पास सफाई और पात्रों में भरे हुए पानी की सफाई करने तथा मौसमी बीमारियों से सतर्क रहने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

भैंस खटाल पर लगा जुर्माना - भैंस खटाल द्वारा गंदगी फैलाने पर वैशाली नगर अंतर्गत शास्त्रीनगर , रामनगर और राजीवनगर में कार्यवाही करते हुए 5 हजार रूपए अर्थदण्ड वसूला गया। शास्त्रीनगर में खटाल संचालक अमनदीप सिंह द्वारा खटाल की गंदगी को नाली में बहाते हुए पाए जाने पर 2000 रूपए, विरेन्द्र साव से 1000 रूपए, बृजराज यादव से 2000 हजार रूपए इसी प्रकार ठेले में खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले दो व्यवसायियों द्वारा डस्टबिन नहीं रखने और गंदगी फैलाते पाए जाने पर 500-500 रूपए जुर्माना लिया गया! कार्यवाही के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा , जोनल राजू पाण्डेय, विनोद सहित स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजर एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी